मलक्का जलडमरूमध्य

प्रमुख बिंदु

- **भौतिक भूगोल:**
  - यह **अंडमान सागर (हिंद महासागर**) और **दक्षिण चीन सागर (प्रशांत महासागर)** को जोड़ता है।
  - यह पश्चिम में सुमात्रा के इंडोनेशियाई द्वीप और पूर्व में प्रायद्वीपीय (पश्चिम) मलेशिया एवं चरम दक्षिणी थाईलैंड के बीच स्थित है।
- **सामरिक महत्त्व:**
  - **मध्य-पूर्व और पूर्वी एशिया के बीच सबसे छोटा समुद्री मार्ग** , एशिया, मध्य-पूर्व एवं यूरोप के मध्य परिवहन के समय तथा लागत को कम करने में मदद करता है।
  - इस गलियारे के माध्यम से, विश्व के समुद्री व्यापार के लगभग 60% का पारगमन होता है और यह दो मुख्य एशियाई उपभोक्ताओं पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना एवं जापान के लिये तेल आपूर्ति का मुख्य स्रोत है।
  - **अंडमान और निकोबार कमान (ANC)** की स्थापना **वर्ष 2001 में दक्षिण-पूर्व एशिया एवं मलक्का जलडमरूमध्य** में भारत के रणनीतिक हितों की रक्षा के लिये द्वीपों में सैन्य संपत्तियों की तेज़ी से तैनाती को बढ़ाकर की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/strait-of-malacca